29032025-DTM-05_27DT02A.qxd 28-03-2025 23:32 Page 1

सनौली खुर्द में बदहाल पुराना हरिद्वार रोड एक करोड़ से होगा गड्ढा मुक्त

पानीपत, 28 मार्च (हप्र)

पानीपत में नेशनल हाईवे 709 एडी नया बना तो गांव सनौली खुर्द के पास से बाईपास होकर गया, जबकि पहले हरिद्वार हाईवे सनौली खुर्द के अंदर से होकर गुजरता था। सनौली खुर्द अड्डा से बापौली व सनौली खुर्द ब्लाकों के दर्जनों गांवों के लोगों का आना-जाना होता है। नेशनल हाईवे 709 एडी करीब दो साल पहले चालू हो गया तो सनौली खुर्द के अंदर से होकर जाने वाले पुराने हरिद्वार रोड की किसी ने सुध नहीं ली। इसके चलते करीब दो साल से इस करीब ढाई किमी की सड़क के हालात बदहाल हैं। सनौली खुर्द ही नहीं बल्कि आसपास के दर्जनो गांवों के लोगों को इस बदहाल सड़क के चलते भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब इस बदहाल सड़क के हालात अब सुधरने वाले हैं। इस 2400 मीटर लंबी सड़क को पीडब्ल्यूडी द्वारा करीब एक करोड़ रुपये की लागत से बनवाया जाएगा। इस सड़क को बनाने का टेंडर गौरव ठेकेदार को मिला है और करीब 10 दिन में ही सड़क को बनाने का काम शुरू हो जाएगा। यह सड़क नेशनल हाईवे 709 एडी के पास झांबा बस्ती से शुरू होकर गांव सनौली खुर्द के अड्डे से होते हुए नेशनल हाईवे 709 एडी में ही कारगिल शहीद की प्रतिमा के पास जाकर मिलेगी।

पानीपत के सनौली खुर्द अड्डा के पास बदहाल पड़ा पुराना हरिद्वार रोड। -हप्र

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ रविंद्र कादियान ने बताया कि करीब एक करोड रुपये की लागत से इस 2400 मीटर सड़क को तारकोल व बजरी से बनाया जाएगा। इसका टेंडर हो चुका है और 10-11 दिनों में ठेकेदार द्वारा सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

प्रदूषण के मुद्दे पर 'माननीय' दिखे गंभीर, तम्बाकू पाउच और पालीथिन के प्रतिबंध पर दिए सुझाव

एयर क्वालिटी मानिटरिंग के लिए बनेगा कमांड कंट्रोल सेंटर

प्रदूषण राजनीतिक मुद्दा नहीं, सभी को मिलकर करने होंगे प्रयास : नरबीर

चंडीगढ़, 28 मार्च (ट्रिब्यू)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से सटे शहरों में प्रदूषण की समस्या घातक साबित हो रही है। एनसीआर के क्षेत्र में वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में है। प्रदेश में बढ़ रहे प्रदूषण पर सदन में 'माननीय' गंभीर दिखाई दिए। राज्य सरकार ने एयर क्वालिटी मानिटरिंग को लेकर कमांड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने का फैसला लिया है। पर्यावरण मंत्री राव नरबीर ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के भीतर तथा उसके आसपास स्थित 24 शहरों में खतरनाक वायु प्रदूषण पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान जवाब दिया कि यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि सामाजिक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि इसकी समस्या के समाधान के लिए सभी को एकजुट होना होगा। राव नरबीर ने पॉलीथिन के प्रयोग पर भी चिंता जताई। इसके साथ ही, विधायकों ने तंबाकू के पाउच और निर्माण कार्यों के लिए मापदंड बनाने का सुझाव दिया। कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला, शीशपाल केहरवाला व कुलदीप वत्स की ओर से खराब वायु प्रदूषण सूचकांक पर दिए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर जवाब देते हुए पर्यावरण मंत्री राव नरबीर ने बताया कि सरकार वायु प्रदूषण को लेकर गंभीर है। सरकार की ओर से रोहतक के सिवाय और पंचकूला में 10 अधिसूचित पैरामीटर मैनुअल एमबीएंट एयर क्वालिटी मानिटरिंग स्टेशन स्थापित किए हैं। एचएसपीसीबी ने वर्ष 2023 तथा 2024 के दौरान वायु प्रदूषण करने वाले 480 उद्योगों को बंद किया तथा 35 करोड़ रुपये का जुर्माना किया।

पॉलीथिन गलाने में खप जाएगी 16 पीढ़ियां : पर्यावरण मंत्री राव नरबीर ने पॉलीथिन के प्रयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि पॉलीथिन का प्रयोग सरकार की ओर से बैन किया गया है। इसके बावजूद हर जगह पॉलीथिन दिखाई देता है। पॉलीथिन पर्यावरण के लिए सबसे खतरनाक है। एक पॉलीथिन को गलने में 400 साल लगते हैं, जबकि 25 साल बाद पीढ़ी बदल जाती है। ऐसे में पॉलीथिन को गलाने में 16 पीढ़ियां खप जाएंगी।

ई-बसों के संचालन को दिया जाएगा बढ़ावा : राव नरबीर ने बताया कि सरकार ने धूल उत्सर्जन को दबाने के लिए 122 एंटी स्माग गन, 255 वाटर स्प्रिंकलर तथा 62 यांत्रिक सड़क सफाई मशीनें लगाई गई हैं। सरकार ने हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट फॉर सस्टेनेबल डिवेलपमेंट प्रस्तावित किया है, जिसे वर्ष 2030 तक विश्व बैंक द्वारा 3647 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। ई-बस तथा चार्जिंग स्टेशन के लिए 1127 करोड़, तीन पहिया इलेक्ट्रानिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए 145 करोड़, पाइप नैचुरल गैस द्वारा संचालित बायलर के लिए 580 करोड़ रुपये, औद्योगिक सामूहिक बायलरों के लिए 30 करोड़, कंस्ट्रक्शन एंड डिमॉलिशन वेस्ट प्रबंधन तथा धूलमुक्त सड़कों के लिए 988 करोड़, फसली अवशेष प्रबंधन तथा स्वच्छ खाद प्रबंधन के लिए 279 करोड़ रुपये तथा रियल टाइम एयर क्वालिटी मानिटरिंग के लिए 230 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

एयर क्वालिटी कंट्रोल मशीनें भी बंद : कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा प्रदूषण बोर्ड में स्टाफ की कमी है और एयर क्वालिटी कंट्रोल के लिए लगाई गई मशीनें भी बंद हैं। पिछले छह महीने से बोर्ड में चेयरमैन का पद खाली पड़ा है और अधिकारी को अस्थाई तौर पर बोर्ड चेयरमैन का जिम्मा दिया गया है। 481 स्टाफ में से 303 पद खाली हैं। आदित्य ने कहा कि प्रदूषण बोर्ड की ओर से नीतियां जरूरी बनाई जा रही हैं, लेकिन स्टाफ की कमी के चलते नीतियां कागजों में नहीं दम तोड़ रही हैं।

स्कूल-कॉलेजों में लगाये जाएं एयर प्यूरीफाई सिस्टम : कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने प्रदेश में बढ़ रहे प्रदूषण पर चिंता जताते हुए कहा कि एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण की स्थिति खराब है। लकड़ी जलाने पर प्रतिबंध होना चाहिए और स्कूल व कॉलेजों में एयर प्यूरीफाई सिस्टम लगाए जाएं।

खबर है...

संतोष चौहान सारवान ने सुनी जन-समस्याएं

बराड़ा (निस) : हलका मुलाना की पूर्व विधायक श्रीमती संतोष चौहान सरवा ने सिरसगढ़ रेस्ट हाउस में क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को जनता के कार्य समय पर करने के दिशा-निर्देश जारी किए। नगरपालिका चुनाव के बाद आज हलका मुलाना की पूर्व विधायक व मंत्री संतोष चौहान सारवान पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंची, जहां उन्होंने बराड़ा नगरपालिका के नवनिर्वाचित पार्षदों से मुलाकात की और उन्हें अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से करने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने हल्का के लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को बुलाकर उनका निपटान किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता के काम करने में कोई कसर न छोड़ी जाए। संतोष चौहान सरवन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राणा की भाजपा सरकार आम जन के लिए विकास और सुविधाओं के कई मार्ग प्रशस्त कर रही है। इस मौके हरजिंदर सिंह, दीपक सहगल, रोहतास राणा, सूरजपाल राणा व पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता

कैथल (हप्र) : जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को उपायुक्त एवं रेडक्रास की अध्यक्ष प्रीति के मार्गदर्शन व जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट के निर्देशानुसार जूनियर रेडक्रास व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार व बीआरसी संजय शर्मा रहे। पेंटिंग के पहले वर्ग कक्षा तीन से पांच में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर प्रतियोगिता में राजकीय माडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला जाखौली अड्डा में कक्षा पांच की छात्रा रोशनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। पर्यावरण विषय पर बनाई अपनी पेंटिंग के दम पर राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला पूंडरी की चौथी कक्षा की छात्रा अवनि सैनी ने दूसरा स्थान हासिल किया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर पेंटिंग बनाते हुए राजकीय प्राथमिक पाठशाला ग्योंग की पांचवीं कक्षा की छात्रा आंचल तीसरे स्थान पर रही। कक्षा छह से आठ के वर्ग में हुई प्रतियोगिता में पर्यावरण विषय पर बनाई पेंटिंग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेरगढ़ की आठवीं कक्षा की छात्रा रितिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल की सातवीं कक्षा की छात्रा शालिनी रही। उसने नशा मुक्ति पर पेंटिंग बनाई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलरम की आठवीं कक्षा की छात्रा पायल बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर बनाई पेंटिंग के आधार पर तीसरे स्थान पर रही।

'शिक्षकों के पद खत्म करने की साजिश सहन नहीं'

कैथल (हप्र) : हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान प्रभु सिंह, राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, कैशियर संजीव सिंगला, वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह, उपमहासचिव कृष्ण नैन, संगठन सचिव सुखदर्शन सरोहा व प्रैस प्रवक्ता निशा ने संयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा 17 मार्च को जारी किए गए रेशनलाइजेशन नॉर्म की आड़ प्रदेश में शिक्षकों के हजारों पद समाप्त करना चाहता है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2022 में शिक्षकों के तबादले से पहले सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में शिक्षकों 38768 पद खाली थे, पर तबादलों के तुरंत बाद ही सरकारी जादूगरी से बिना भर्ती किए खाली पदों का आंकड़ा 20 हजार घटकर लगभग 18 हजार पर सिमट गया। अभी हाल ही में प्राथमिक अध्यापकों की राशनलाइजेशन करते हुए 5315 पद खत्म कर दिए गए और अब टीजीटी और पीजीटी के पदों को खत्म करने की तैयारी शुरू कर दी गई। उन्होंने बताया कि अगर अतिशीघ्र संगठन के साथ बातचीत से सार्वजनिक शिक्षा को बर्बाद करने वाले नॉर्म्स को नहीं बदला गया तो हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी।

बेटियां सुरक्षित रहेंगी तभी समाज आगे बढ़ेगा : एसएचओ वीना

कैथल (हप्र) : हिंदू कन्या वरिष्ठ माध्यमिक में क्लास नर्सरी से सेकंड का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कार देने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में एसएचओ महिला थाना वीना पहुंची। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रबंधक समिति के मैनेजर अर्पित चौधरी, वरिष्ठ उप प्रधान योगेश चौधरी, कार्यवाहक प्रधानाचार्या कमलेश सिंगला ने उनका स्वागत किया। अतिथि के रूप में मनोज खुर्रा मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व विद्यालय की प्रबंधक समिति ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए जिसमें कक्षा फर्स्ट, सेकंड और थर्ड पोजीशन लेने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए गए। कक्षा नर्सरी से लेकर सेकंड कक्षा के सभी बच्चों को विद्यालय की ओर से पुरस्कार बांटे गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसएचओ वीना ने बच्चों के समक्ष अपने विचार रखे और बेटियों को सुरक्षित रहने के लिए समाज में अपने आप को आगे बढ़ाने के लिए संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या कमलेश सिंगला ने उनका अभिनंदन किया व आभार व्यक्त किया।

कैथल में बच्चों को पुरस्कार देती एसएचओ वीना। -हप्र

घरौंडा में घर से महिला गायब

घरौंडा (निस) : घरौंडा थाना के एक गांव से एक महिला संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। महिला अपने साथ नकद राशि, सोने की बालियां और एक मोबाइल फोन भी लेकर गई है। परिजनों ने विवाहिता को आसपास के एरिया में तलाश किया, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद पति ने मामले की शिकायत घरौंडा थाना पुलिस को की। मलिकपुर गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी पत्नी बीती 26 मार्च की शाम करीब 5:15 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गई। जब वह देर तक घर नहीं लौटी तो उसने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद संदीप ने थाना घरौंडा में शिकायत दर्ज कराई।

भाषण प्रतियोगिता में डीएवी गर्ल्स कॉलेज ने जीती रनिंग ट्राफी

जगाधरी, 28 मार्च (हप्र)

हिन्दू गर्ल्स कॉलेज जगाधरी में वाणिज्य विभाग एवं आईक्यू एसी के संयुक्त सहयोग से राष्ट्र स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रत्येक वर्ष श्री श्रद्धा राम रनिंग ट्राफी के लिए वाणज्यि विभाग द्वारा किया जाता है। प्राचार्य मोनिका खुराना की देखरेख में हुए इस आयोजन में ई-कामर्स एंड डिजिटल मार्केटिंग, प्रयागराज कुम्भ मेला एवं इकोनॉमी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेस इन फाइनेंशियल सर्विसिज रहा। इस प्रतियोगिता में लगभग 12 महाविद्यालयों के 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या श्रीमती मोनिका खुराना ने अपने सम्बोधन भाषण में कहा कि युवा पीढ़ी को केवल पाठ्यक्रम तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उन्हें देश-विदेश में होने वाली समस्याओं को जानकर उनसे उबरने की सोच तैयार करनी चाहिए। प्रयागराज कुम्भ मेला एवं इकोनोमी के विषयों में प्रतिभागियों ने कहा कि कुम्भ मेला एक ऐसा आयोजन है जो आन्तरिक रूप से खगोल विज्ञान, ज्योतिष, आध्यात्मिकता, अनुष्ठानिक परम्पराओं, सामाजिक-सांस्कृतिक रीति-रिवाजों और प्रथाओं के विज्ञान को समाहित करता है। संगम में स्नान करने से लाभ, नकारात्मक प्रभावों के उन्मूलन तथा मन और आत्मा को शुद्ध करता है। सीमा गुप्ता, महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी एवं शशि खुराना एसएमएस खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज बराड़ा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राकेश मोहन ने सम्पूर्ण वाणिज्य विभाग एवं प्रतिभागियों की सराहना करते हुए सफल संचालन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता में श्री श्रद्धा राम रनिंग ट्राफी डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर को दी गई। इस अवसर पर शारदा गुप्ता, सीमा गुप्ता, जया व उर्वशी भी मौजूद रही।

जगाधरी स्थित हिंदू गर्ल्स कालेज में हुई प्रतियोगिता की विजयी छात्राएं। -हप्र

'श्री घंटाकर्ण भक्तों पर वात्सल्य बरसाने वाले देवता हैं'

करनाल, 28 मार्च (हप्र)

करनाल महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर भक्ति संगम का आयोजन श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान इंद्री रोड पर किया गया। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई। मुनि संयमेश, साध्वी सुयशा, साध्वी श्वेता, साध्वी जागृति, कर्मवीर, जयपाल सिंह, जैन लेडिज क्लब दिल्ली की सदस्याओं ने सुमधुर भक्तिगीतों से समा बांधा। पीयूष मुनि महाराज ने श्री घंटाकर्ण देवता के संदर्भ में बतलाया कि श्री घंटाकर्ण कृपानिधान भक्तों पर वात्सल्य बरसाने वाले देवता हैं।

हर साल 16 हजार लोग हार रहे कैंसर से जिंदगी की जंग

- 80 लाख लोगों की जा चुकी है स्क्रीनिंग
- अंबाला में बनाया है अटल कैंसर केयर सेंटर
- 483 रोगियों की गई कैंसर सर्जरी

चंडीगढ़, 28 मार्च (ट्रिब्यू)

हरियाणा में हर साल 16 हजार रोगी कैंसर से जिंदगी की जंग हार रहे हैं। 30 हजार नए रोगी कैंसर का शिकार बन रहे हैं। कैंसर के मामलों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। इसको देखते हुए सरकार ने 30 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के लोगों की स्क्रीनिंग कराने की ओर कदम बढ़ाया है। सरकार ने 1 करोड़ 56 हजार 289 लक्ष्य के मुकाबले 80 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

पुरुषों के साथ महिलाएं व छोटे बच्चे भी कैंसर का शिकार हो रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम द्वारा चलाए जा रहे कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में कैंसर के 30 हजार नए रोगी मिल रहे हैं।

शुक्रवार को प्रदेश में बढ़ रहे कैंसर रोगियों पर इनेलो द्वारा लगाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने बताया कि सरकार कैंसर बीमारी की रोकथाम व नियंत्रण को लेकर पूरी तरह गंभीर है। अंबाला जिले में अटल कैंसर केयर सेंटर बनाया है। यहां पर लीनियर एक्सेलेटर, सिटी सिम्यूलेटर, ब्रेकीथेरेपी की सुविधा है। वर्ष 2024 में 712 रोगियों को रेडियोथेरेपी, 2695 को कीमोथेरेपी और 483 की कैंसर सर्जरी की गई।

इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला द्वारा उठाए गए मुद्दे का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने बताया कि सिविल अस्पताल फरीदाबाद, पंचकूला, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर में मरीजों को ओपीडी, कीमोथेरेपी, सर्जरी और सहायक सेवाओं सहित कैंसर देखभाल सेवाएं भी दी जा रही हैं।

सरकारी संस्थानों में कुल 38 विशेष कैंसर वार्ड और 915 बिस्तर उपलब्ध हैं। आयुष्मान भारत के तहत 2022 से 2025 तक कैंसर से संबंधित सर्जरी, कीमोथेरपी और रेडियोथेरेपी के संदर्भ में 1,51,07,01,978 रुपये के 14967 दावों का निपटान किया गया। साथ ही, कैंसर रोगियों को हरियाणा रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा के लिए 2023-24 में 9408 कार्ड जारी किए गए।

प्रदेश में कैंसर की स्टेज-3 व 4 पर तीन हजार रुपये प्रतिमाह वित्तीय सहायता दी जा रही है, 28 मार्च तक 3647 रोगियों ने इस योजना का लाभ उठाया है।

नव सम्वत में कुछ नया करने का संकल्प लें : स्वामी ज्ञानानंद

करनाल, 28 मार्च (हप्र)

श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से सेक्टर-12 मैदान में भव्य एवं विशाल दिव्य गीता सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय सनातन वैदिक नव वर्ष नव सम्वत के अभिनंदन के रूप में यह पांच दिवसीय श्रीमद् भगवद गीता सत्संग आयोजन किया जा रहा है। तीसरे दिन गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने बताया कि आज के वातावरण में किस रूप में, कैसे श्रीमद् भगवद गीता की उदारता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गीता और गुरु ग्रंथ साहब में तत्व रूप में अंतर कहीं नहीं है।

नवरात्रों के उपलक्ष्य में सजा भद्रकाली मंदिर

कुरुक्षेत्र (हप्र) : हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र में नवरात्रि महोत्सव की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि इस साल मां भद्रकाली शक्तिपीठ में आनंद महोत्सव 29 मार्च से 13 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें 30 मार्च से 6 अप्रैल तक नवरात्रि पर्व होगा।

पंजाबी सभा ने दो सदस्यों का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित

कुरुक्षेत्र, 28 मार्च (हप्र)

गत दिवस पंजाबी सभा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह प्रधान रूपेश खन्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे सभा के दो आदरणीय सदस्यों पिंकी कालड़ा, सहायक कुलसचिव (परीक्षा शाखा) एवं कृष्ण कुमार ग्रोवर, पीए-अधीक्षक (स्थापना शाखा) के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सभा के सदस्यों ने भाग लिया। मंच संचालन सभा के महासचिव राजेश अरोड़ा ने किया, जिसमें सेवानिवृत्त हो रहे दोनों सदस्यों द्वारा पौधरोपण किया गया। तत्पश्चात सभा की कार्यकारिणी तथा उपस्थित सभा के सभी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ, पुष्पमाला एवं स्मृति चिन्ह देकर सेवानिवृत्त हो रहे दोनों सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. नं.	बोर्ड/ निगम/ अथारिटी का विवरण	कार्य निविदा सूचना का विवरण	खोलने की तिथि अंतिम तिथि (समय)	राशि/ धरोहर राशि (अनु.) रु. में	बोर्ड / निगम अथारिटी की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ई-मेल
1	हारट्रान	हरियाणा पुलिस की ओर से 30 अदद कम्प्यूटर सिस्टम की खरीद।	29.03.2025 15.04.2025	30 LACS	https://etenders.hry.nic.in	01722704922 dhhardware.hartron@gmail.com

अधिक विवरण हेतु कृपया पधारें - www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in PRDH/13/2025/40/33427/I/11/4

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. नं.	बोर्ड/ निगम/ अथारिटी का विवरण	कार्य/ निविदा सूचना का विवरण	खोलने की तिथि अंतिम तिथि (समय)	राशि/ धरोहर राशि (अनु.) रु. में	बोर्ड/ निगम अथारिटी की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक	रद्दी/ वेस्ट पेपर की बिक्री हेतु अनुबंध दर हेतु निविदा।	28.03.2025 14.04.2025	70 LACS	https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in	7015486405 ar.general@mdurohtak.ac.in

अधिक विवरण हेतु कृपया पधारें - www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in PRDH/13/2025/40/33426/I/11/4

AUTHUM औथम इनवेस्टमैंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड

रजि. कार्यालय : 707, रहेजा सेंटर, फ्री प्रेस जर्नल रोड, नरीमन प्वायंट, मुम्बई-400021,
शाखा कार्यालय : 1 ए, फर्स्ट फ्लोर, गोपाला टावर 25, राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली-110008

कब्जा सूचना

(सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज़, 2002 के नियम 8 (2) के अनुसार)

यतः सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 13(12) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फायनांशियल एसेट्स एंड इनफोर्समेंट आफ सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट एक्ट, 2002 के तहत औथम इनवेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ("AIIL") (रिलायंस कमर्शियल फायनेंस लिमिटेड (''RCFL'') से AIIL को एनसीएलटी के आदेश दिनांक 10.05.2024 द्वारा लैंडिंग बिजनेस के डीमर्जर करने के रिजल्टिंग कंपनी) के अधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी द्वारा डिमांड नोटिस जारी किया गया, जिसमें कर्जदार/सह कर्जदार को उक्त नोटिस प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दर्शाई राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

कर्जदार/सह कर्जदार राशि का भुगतान करने में असफल रहे। अतः कर्जदारों/सह-कर्जदार को विशेष रूप में तथा सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि वे अधोहस्ताक्षरी द्वारा दि सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) रूल्ज, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले उक्त एक्ट की धारा 13(4) के तहत प्रदान की गयी शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नांकित प्रापर्टी का वर्णित तिथि को कब्जा ले लिया गया है।

कर्जदारों/सह-कर्जदार को विशेष रूप में तथा जनता को सामान्य तौर पर चेतावनी दी जाती है कि वे इस प्रापर्टी संबंधी कोई लेन-देन न करें और इस प्रापर्टी संबंधी कोई भी लेन-देन निम्नांकित राशि के लिए औथम इनवेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ("AIIL") के चार्ज पर आधारित होगा।

कर्जदार/सह-कर्जदार/ गिरवीदाता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्ति को रिडीम करवाने हेतु उपलब्ध समय के संबंध में एक्ट की धारा-13 की उपधारा (8) की व्यवस्थाओं की ओर दिलाया जाता है।

क्रमांक	कर्जदार/सह कर्जदार का विवरण/लोन खाता नं.	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि/ कब्जे का स्टेटस	डिमांड नोटिस में राशि (रु.)
1.	Loan Account No. RLELHIS000382415 श्री बलजीत सिंह एवं जसविंदर कौर	27.11.2024	27.03.2025 Symbolic Possession	Rs. 25,31,638/-(Rupees Twenty Five Lac Thirty One Thousand Six Hundred Thirty Eight Only)

गिरवी प्रॉपर्टी का विवरण : सम्पूर्ण प्रॉपर्टी मकान नं. 1154, वार्ड नं. 30, खसरा नं. 10689/2924 मौजा रोहतक आदर्श नगर निकट मेडिकल कालेज एवं महिला आश्रम, रोहतक, माप 107.44 वर्ग गज, सीमाएं हैं : पूर्व : प्लाट हरबंस सिंह, पश्चिम : डेरी, काहन सिंह, उत्तर : गली, दक्षिण : मकान जगदीश हुडिया।

दिनांक : 29.03.2025 अधिकृत अधिकारी
स्थान : हरियाणा DI-30212 औथम इनवेस्टमैंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड।

AUTHUM औथम इनवेस्टमैंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड

रजि. कार्यालय : 707, रहेजा सेंटर, फ्री प्रेस जर्नल रोड, नरीमन प्वायंट, मुम्बई-400021,
शाखा कार्यालय : 1 ए, फर्स्ट फ्लोर, गोपाला टावर 25, राजेन्द्रा प्लेस, नई दिल्ली-110008

कब्जा सूचना (सिक्योरिटी इन्ट्रस्ट (इनफोर्समेंट) नियमों 2002 के नियम 8 (2) के अनुसार)

जबकि निम्नांकित कर्जदारों/सह कर्जदारों/गारंटरों/ मोर्टगेजरों ने औथम इनवेस्टमैंट एंड एन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (''AIIL'') (''NCLT'') आदेश दिनांक 10.05.2024 के तहत रिलायंस कमर्शियल फाइनांस लिमिटेड (RCFL) से AIIL में लैंडिंग बिजनेस के डीमर्जर करने के अनुसार रिजल्टिंग कंपनी) से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। डीड आफ असाइनमेंट दिनांक 26 जून, 2023 के तहत तथा सिक्योरिटीजेशन ट्रांजैक्शन के हिस्से के तौर पर, कर्जदारों सहित इंडियन रिसीवेबल ट्रस्ट-19- फरवरी 2019 के कुछ फाइनांशियल एस्सेट्स/पोर्टफोलियो RCFL में ट्रांसफर किए गए थे। बाद में कुलेक्शन एंड सर्विसिंग एजेंट के एसबीएफसी फाइनांस लिमिटेड से RCFL में तबदील कर दिया गया था। हम स्पष्ट करते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद कर्जदार/गारंटर/गिरवीदाता निर्धारित तिथियों को ब्याज एवं मूल राशि का पुनः भुगतान करने में असफल रहे हैं। नेशनल हाउसिंग बैंक द्वारा जारी परिसम्पत्ति वर्गीकरण के सम्बंध में दिशा निर्देशों के अनुरूप AIIL की बुक्स में निम्न वर्णित तिथियों को खाते को बतौर नान परफार्मिंग एसेट वर्गीकृत कर दिया गया है, उक्त के फलस्वरूप AIIL के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फायनांशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट आफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट, 2002 के तहत तथा सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्ज, 2002 के नियम-3 के साथ सहपठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को डिमांड नोटिस जारी करते हुए निम्न कर्जदार/गारंटर/गिरवीदार को नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में वर्णित राशि पर अनुबंधित दर से भविष्य के ब्याज तथा आकस्मिक खर्चों, लागत, चार्जिज आदि सहित नोटिस में वर्णित राशि का भुगतान करने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

उनके अंतिम ज्ञात पते पर भेजे गए नोटिस वितरित हुए बिना वापस आ गए, इसलिए उन्हें सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जा रहा है।

क्रम नं.	ऋण खाता नं./कर्जदार का नाम सह-कर्जदार	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि/ कब्जे की स्थिति	डिमांड नोटिस में राशि (रु.)
1.	Loan Account No. RLELHIS 000382415 ललित सैनी, संजय कुमार और ममता ललित सैनी	22.10.2024	27.03.2025 Symbolic Possession	Rs. 22,69,077/-(Rupees Twenty Two Lakh Sixty Nine Thousand Seventy Seven Only)
गिरवी प्रॉपर्टी का विवरण : संपूर्ण प्रापर्टी/प्रापर्टी/प्लाट नं. 21 पैमायश 75 वर्ग गज, सीमाएं ह